लाल किताब: जानिए किस दिन करें कौन से खास काम

रविवार: रविवार सूर्य का दिन माना जाता है और इस दिन सूर्य की उपासना का विशेष महत्व है। सूर्य से शुभ फल प्राप्त करने के लिए हर रविवार गुड़ और चावल को नदी में प्रवाहित करें। तांबे का सिक्का नदी में प्रवाहित करें।

सोमवार: ज्योतिष के अनुसार सोमवार चंद्र का दिन है। चंद्रमा से शुभ फल प्राप्त करने के लिए इस दिन खीर जरूर खाना चाहिए। यदि कुंडली में चंद्र नीच का हो तो सफेद कपड़े पहनना चाहिए और श्वेत चंदन का तिलक लगाना चाहिए।

मंगलवार: मंगल की विशेष पूजा का दिन है मंगलवार। इस दिन मसूर की दाल का दान करें। जो लोग मंगली हैं वे लाल वस्तुओं का दान विशेष रूप से करें। हर मंगलवार कुछ रेवडिय़ां नदी में प्रवाहित करें। मीठा पराठा बनाकर गरीब बच्चों को खिलाएं। हनुमानजी की पूजा करें।

बुधवार: बुद्धि के देवता बुध ग्रह का दिन है बुधवार। जिन लोगों की कुंडली में बुध अशुभ फल दे रहा है वे इस दिन साबूत मूंग न खाएं और इसका दान करें। मंगलवार की रात को हरे मूंग भिगोकर रखें और बुधवार की सुबह यह मूंग गाय को खिलाएं।

गुरुवार: देव गुरु बृहस्पति का दिन है गुरुवार। जिन लोगों की कुंडली में गुरु ग्रह अच्छी स्थिति में नहीं है वे लोग इस दिन किसी ब्राह्मण को पीले रंग के वस्त्र दान में दें। कढ़ी-चावल खुद भी खाएं और गरीब बच्चों को भी खिलाएं। पीला रुमाल अपने साथ रखें।

शुक्रवार: असुरों के गुरु शुक्र का दिन है शुक्रवार। इस दिन शुक्र ग्रह के लिए विशेष उपासना की जानी चाहिए। इस दिन दही और लाल ज्वार का दान करना चाहिए। सफेद रेशमी वस्त्रों का दान करें

शनिवार: ज्योतिष के अनुसार शनिवार के दिन शनि की पूजा विशेष रूप से की जाती है। इस दिन कोई नया काम शुरू नहीं करना चाहिए। हर शनिवार को एक नारियल नदी में प्रवाहित करें। हनुमान चालीसा का पाठ करें। शनिदेव के दर्शन करें और तेल चढ़ाएं।